# 2024

# HINDI

## (Modern Indian Language)

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours**

*साधारण निर्देश :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र के छः खण्ड हैं : क, ख, ग, घ, ङ, च।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।*

*(iii)* *प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।*

*(iv)* *उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।*

**खण्ड - 'क'**

**(पद्य - 8+12=20 अंक)**

1. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) तनो
अकड़ो
अमरबेलि की तरह मत जिओ,
जड़ पकड़ो।

*अथवा*

(ख) इवनिंग वाकिंग के लिए निकले
मदमस्तक युवक-युवतियाँ
चले गए उनपर पैर रखकर
लोहे लगे चमड़ों के जूतों से
निष्ठुरतापूर्वक।

निर्देश : प्रश्न-संख्या 2 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 3 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 4 और 5 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 6 और 7 के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 8 का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

2. रहिमन गली है साँकरी, दूजो ना ठहराहिं।
आपु अहै तो हरि नहीं, हरि तो आपुन नाहिं।।

– रहीम के उपर्युक्त दोहे में निहित भाव स्पष्ट कीजिए। 4

3. बनजारों के जीवन का स्पष्ट चित्रण कीजिए। 3

4. कवि नागार्जुन कालिदास के प्रति क्या-क्या बातें सच-सच बतलाने के लिए कहता है? 2

5. अब लौ नसानी अब न नसैहौं।
रामकृपा भव-निसा सिरानी जागे फिर न डसैहौं।।

– तुलसीदास की उपर्युक्त पंक्तियों में निहित भाव स्पष्ट कीजिए। 2

6. अजामिल कौन था? 1

7. रहीम के अनुसार कौन-कौन बादलों से बहुत प्रेम करते हैं? 1

8. 'बनजारे का गीत' कविता का रचयिता कौन है? 1

(क) नागार्जुन

(ख) पवित्र मुखोपाध्याय

(ग) थाङ्जम इबोपिशक सिंह

(घ) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

## खण्ड - 'ख'

## (गद्य - 25 अंक)

9. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) मीठी बातों का परिणाम बहुत देखा। मीठी बातों से बाघ के मुँह से अपना सिर नहीं निकाला जा सकता। उस वक्त बाघ का मारना ही एक इलाज है।

*अथवा*

(ख) यह तो मानना होगा कि सुखी जीवन का यह अच्छा नुस्खा है, सुखी व्यक्ति-जीवन का नहीं, एक सुखी समाज का भी। बहुत-से लोग इसपर हँसते हैं और व्यंग्य करते हैं, क्योंकि असमीया किसी की चीज का लोभ न करने का अर्थ वह भी लगाते हैं कि म मेहनत क्यों करूँ?

10. 'पत्नी' अथवा 'साहित्यिक की मूतिपूजा' पाठ का सारांश लगभग 160 शब्दों में लिखिए। 8

निर्देश : प्रश्न-संख्या 11 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 12 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 13 का उत्तर लगभग 25 शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 14 और 15 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

11. युबी लाकपी खेल कैसे खेला जाता है? 4

12. एड्स के संचार को पूर्ण रूप से रोकने के लिए हमें क्या-क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिए? 3

13. असमीया का जीवन-दर्शन क्या है? 2

14. 'माजुली' क्या है? 1

(क) एक नदी है।
(ख) एक द्वीप है।
(ग) एक झील है।
(घ) एक समुद्र है।

15. 'किशोरावस्था और एड्स' पाठ का लेखक कौन है? 1

(क) लनचेनबा मीतै
(ख) इबोहल सिंह काङ्जम
(ग) जैनेन्द्रकुमार
(घ) माखनलाल चतुर्वेदी

## खण्ड - 'ग'

### (पूरक पाठ्य पुस्तक - 15 अंक)

निर्देश : प्रश्न-संख्या 16 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 17 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 18 और 19 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 20, 21 और 22 के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 23 का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

16. पुराणकालीन भारतीय संस्कृति की क्या-क्या विशेषताएँ हैं? 4

17. बिजली को आधुनिक युग की सब से बड़ी शक्ति क्यों कहा जाता है? 3

18. दफ्तर के लोग विजयकृष्ण से क्यों असंतुष्ट थे? 2

19. भारतीय संस्कृति पर रामायण और महाभारत का कौन-सा प्रभाव पड़ता है? 2

20. त्रिवेणी ने अपनी माँ लज्जावती से पैसा क्यों माँगा? 1

21. विभिन्न भारतीय धर्मों का उद्देश्य क्या है? 1

22. विज्ञान किसे कहा जाता है? 1

23. पुराण-साहित्य के कितने वर्ग हैं? 1

(क) दो (ख) तीन (ग) पाँच (घ) छः

## खण्ड - 'घ'

### (वाचन - 10 अंक)

निर्देश : प्रश्न-संख्या 24, 25 और 26 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 27 से 30 तक के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में लिखिए।

24. बरवै छन्द का लक्षण सोदाहरण लिखिए। 2

25. श्लेष अलंकार किसे कहते हैं? सोदाहरण लिखिए। 2

26. अतिशयोक्ति अलंकार किसे कहते हैं? सोदाहरण लिखिए। 2

27. सोरठा छन्द का एक उदाहरण लिखिए। 1

28. विरोधाभास अलंकार का एक उदाहरण लिखिए। 1

29. शीला रति के समान सुन्दर है। 1

- उपर्युक्त वाक्य में निहित अलंकार का नाम लिखिए।

30. कनक कनक तें सौगुनी मादकता अधिकाय।
वा खाएँ बौराय हैं, या पाएँ बौराय।। 1

- उपर्युक्त पंक्तियों में निहित छन्द का नाम लिखिए।

## खण्ड - 'ङ'

### (लेखन - 15 अंक)

31. मान लीजिए कि आप एक सरकारी हाई स्कूल के प्रधान अध्यापक हैं। आपके स्कूल में कंप्युटर अध्यापक का एक पद खाली है। इस पद के लिए आप सुयोग्य उम्मीदवारों से आवेदन-पत्र आमन्त्रित करते हुए एक विज्ञापन लिखिए। 8

32. मान लीजिए कि आप एक समाचार-पत्र के सम्पादक हैं। आप जानते हैं कि आजकल मणिपुर के नवयुवकों में नशाखोरी की समस्याएँ दिनों दिन बढ़ती जा रही हैं। इस सम्बन्ध में आप अपने समाचार-पत्र में छपवाने के लिए एक समाचार-लेख लिखिए। 7

Contd.

## खण्ड - 'च'

### (व्याकरण - 15 अंक)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 33 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 34, 35 और 36 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 37 से 42 तक के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में लिखिए।**

33. सन्धि और समास का अन्तर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 3

34. स्वर सन्धि किसे कहते हैं? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 2

35. बहुव्रीहि समास किसे कहते हैं? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 2

36. तत्सम और तद्भव शब्दों का एक-एक उदाहरण लिखिए। 2

37. साहसी पुरुष सफल होते हैं।

- उपर्युक्त सरल वाक्य को मिश्रित वाक्य में परिवर्तित कीजिए। 1

38. यद्यपि मोहन धनी है, तथापि बहुत दुःखी है।

- उपर्युक्त मिश्रित वाक्य को संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए। 1

39. 'कफन सिर पर बाँधे फिरना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

40. 'फूँक-फूँककर पैर रखना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

41. 'अपनी गली में कुत्ता भी शेर' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 1

42. 'नदी में रहकर मगर से बैर' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 1

---